Projects of Gujarat to be cleared by Govt.

719. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE : Will the Minnister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state :

(a) what are the outstanding projects of Gujarat proposed to be cleared by Central Govt.;

(b) whether these projects are likely to be approved during the 8th Five Year Plan; if so, the number of the projects of Gujarat State to be established during the Eighth Five Year Plan; and

(c) whether new large sector projects have been inducted in the Eighth Five Year Plan for Saurashtra and Kutch Region; and if so, what are the details of the projects?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (SHRI SUKH RAM) : (a) and (b) No Project of Government of Gujarat is pending in the Planning Commission for investment clearance at present.

(c) The Planning Commission has not received any proposal of new large projects for investment clearance to be included in the Eighth Five Year Plan of Gujarat for implementation in Saurashtra and Kutch regions.

उत्तर प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता का स्थिर रहना

720. **श्री राम गोपाल यादव** : क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों को वर्ष 1990-91, 1991-92 और 1992-93 के दौरान दी गई विशेष केन्द्रीय सहायता राशि स्थिर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या अन्य राज्यों और पर्वतीय क्षेत्रों को इसी अवधि में दी गई विशेष केन्द्रीय सहायता राशि भी स्थिर रही है; और

(ग) यदि नहीं, तो उत्तर प्रदेश के साथ इस भेदभाव के क्या कारण है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) जी, हां । इन तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों के लिए प्रदान की गई विशेष केन्द्रीय सहायता 182.01 करोड़ रुपए बनी रही ।

(ख) और (ग) अन्य राज्यों के पहाड़ी क्षेत्रों के लिए प्रदान की गई विशेष केन्द्रीय सहायता की राशि भी उसी स्तर पर बनी रही सिवाय पश्चिम बंगाल के जिसके लिए विशेष व्यवस्था दार्जिलिंग गोरखा पर्वतीय परिषद् बनाए जाने के कारण की गई ।

डुप्लीकेट कम्प्यूटरों की खरीद में गोलमाल

721. **श्री रामगोपाल यादव** :

श्री ईश दत्त यादव :

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस आशय का कोई पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, नई दिल्ली में डुप्लीकेट कम्प्यूटरों और सेट लाइन मशीनों की खरीद में हुए करोड़ों रुपए के गोलमाल की केन्द्रीय जांच ब्यूरो से जांच करवाने की मांग की गई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) और (ख) जी, हां । संबंधित अधिकारी ने पत्र में उल्लिखित आरोपों का खंडन किया है ।

Expansion of the Integrated Rural Energy Planning during the 8th Five Year Plan

722. DR. SANJAYA SINH : Will the MINISTER OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state :

(a) whether the Integrated Rural Energy Planning (IREP) is proposed to be expanded during the Eighth Five Year Plan;